भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 3623

दिनांक 10 दिसम्बर, 2019 के लिए प्रश्न

विषय: चिदम्बरम में पशु-चिकित्सा महाविद्यालय

3623. श्री थोल तिरुमावलवनः

डॉ॰ टी॰आर॰ पारिवेन्धर:

क्या मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार, इस तथ्य को ध्यान में रखकर कि तमिलनाडु के चिदम्बरम अथवा अरियालुर क्षेत्रों के लोग उनके द्वितीय पेशे के रूप में कृषि और पशुपालन पर निर्भर रहते हैं, इन स्थानों पर एक पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय शुरू करने के लिए कदम उठाएगी; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री

(डॉ. संजीव कुमार बालियान)

(क) और (ख) पशुचिकित्सा संबंधी प्रशिक्षित जनशक्ति संसाधनों की आवश्यकता के अनुसार पशुचिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना करना राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र सरकार द्वारा तमिलनाडु के चिदम्बरम या अरियालुर में पशुचिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय प्रारंभ करने संबंधी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

*****